सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 234 | इंदौर, बुधवार 11 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सीएम यंग इंटर्न्स फॉर गुड-गवर्नेंस प्रोग्राम को मंजूरी

## 4,865 युवाओं का चयन होगा, हर माह मिलेंगे 10 हजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। प्रदेश सरकार ने युवाओं को शासन व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री यंग इंटर्न्स फॉर गुड-गवर्नेंस प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है।यह प्रोग्राम में तीन वर्षों में लगभग 190 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के लिए करीब 33 हजार 240 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई, साथ ही कई प्रस्तावों को मंजूरी मिली।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्यमंत्री यंग इंटर्नस फॉर गुड-गवर्नेंस प्रोग्राम समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्रदेश में सुशासन को मजबूत बनाने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री यंग इंटर्न्स फॉर गुड-गवर्नेंस प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत पूरे मध्यप्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में 15 स्थानीय युवाओं का चयन किया जाएगा, जो सरकारी योजनाओं की निगरानी और फीडबैक देने का काम करेंगे। इस प्रोग्राम का संचालन भोपाल स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण



संस्थान के माध्यम से किया जाएगा। योजना के तहत चयनित युवाओं को एक वर्ष के लिए इंटर्न के रूप में रखा जाएगा और योजना की निरंतरता तीन वर्षों तक रहेगी।

प्रदेश के सभी ब्लॉकों से कुल मिलाकर करीब 4865 युवा इस योजना से जुड़ेंगे। इन युवाओं को हर महीने 10 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। चयनित युवा डिजिटल माध्यम से सरकारी योजनाओं से जुड़े आंकड़े एकत्र करेंगे और यह अध्ययन करेंगे कि योजनाओं का सामाजिक प्रभाव क्या पड़ रहा है तथा जनता को उनका लाभ किस हद तक मिल रहा है। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कहां-कहां समस्याएं आ रही हैं।

जानकारी के अनुसार इन युवाओं के माध्यम से प्राप्त जानकारी को राज्य स्तर पर एक डैशबोर्ड और पोर्टल पर संकलित किया जाएगा, जिससे मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों को योजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा मिल सकेगी। योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जमीनी स्तर से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर सुधार भी किए जा सकें। साथ ही इससे युवाओं को शासन-प्रशासन और नई तकनीक से जुड़कर काम करने का अवसर भी मिलेगा। इस योजना पर तीन वर्षों में लगभग 190 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। सरकार का मानना है कि यह पहल प्रदेश में सुशासन को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जोड़ने का एक नया मॉडल साबित होगी।

**7 जिलों में एक जिला-एक उत्पाद योजना को मंजूरी-** कैबिनेट ने प्रदेश के 7 जिलों में एक जिला-एक उत्पाद योजना लागू करने के लिए अगले 5 वर्षों में 37.50 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत सीधी में दरी-कारपेट, दतिया में गुड़, अशोकनगर में चंदेरी हाथकरघा वस्त्र, भोपाल में जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, धार में बाग प्रिंट, सीहोर में लकड़ी के खिलौने और उज्जैन में बटिक प्रिंट को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को प्रशिक्षण, ब्रांडिंग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और बाजार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**सिंगरौली कोर्ट के 7 नए पद मंजूर-** कैबिनेट ने सिंगरौली जिले के चितरंगी में व्यवहार न्यायालय स्थापित करने के लिए कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश का एक पद और कार्यालय के लिए तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 6 अन्य पद बनाने की मंजूरी दी है।

**तीन नए ईएसआई अस्पताल खुलेंगे-** कैबिनेट ने मैहर, कैमोर (कटनी) और निमरानी (खरगोन) में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 3 नए अस्पताल खोलने और 51 पदों के सृजन को मंजूरी दी है। इससे करीब 15,686 श्रमिकों और उनके 62,744 परिवारजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

---

सिंहस्थ पर सौगात

## बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी 3839 करोड़ के फोरलेन को केंद्र की मंजूरी

### सीएम ने माना आभार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 752 डी पर बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी सेक्शन के फोरलेन निर्माण को मंजूरी दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। लगभग 3 हजार 839 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट प्रदेश के मालवा-निमाड़ और आदिवासी अंचलों की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कॉरिडोर उज्जैन से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के टिमरवानी इंटरचेंज तक सीधी फोर लेन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इससे प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक शहरों इंदौर, पीथमपुर, उज्जैन और देवास तक आवागमन अधिक सुगम होगा। साथ ही धार और झाबुआ जिलों में औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस फोर लेन मार्ग के निर्माण से मालवा क्षेत्र के साथ-साथ आदिवासी बहुल क्षेत्रों में व्यापार, परिवहन और निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी। बेहतर सड़क संपर्क से कृषि उत्पादों की ढुलाई आसान होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह स्वीकृति आगामी सिंहस्थ-2028 की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन तक पहुंच और भी सुविधाजनक होगी। बेहतर सड़क नेटवर्क से यातायात का दबाव कम होगा और यात्रियों को सुरक्षित एवं तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधुनिक सड़क और परिवहन अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। इससे राज्यों के आर्थिक विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त किया।

**जंग से रोजगार पर भी संकट... यूपी के 300 लेबर रोके गए, नौकरी के लिए जाना था इजरायल**

---

# इंदौर में रनवे का डामर पिघला, इंडिगो की दिल्ली और रायपुर फ्लाइट डायवर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश में कितनी भीषण गर्मी होने वाली है, इसका अंदाज इसी बात से लगा सकते हैं कि इंदौर के देवी अहिल्या हवाई अड्डे का एक रनवे पिघल गया। (रनवे पर लगा डामर तेज धूप के कारण पिघलकर ढीला पड़ गया और उसकी पकड़ ढीली हो गई। जैसे ही इसकी जानकारी एयरपोर्ट अथारिटी को लगी तो हड़कंप मच गया। यहां इंडिगो की दिल्ली और रायपुर वाली दो उड़ानों की लैंडिंग नहीं कराई जा सकी। विमानों को भोपाल डायवर्ट** किया गया।




जानकारी अनुसार इंदौर में तेज गर्मी के चलते देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा पर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां धूप की तपिश के चलते रनवे का बिटुमेन (डामर) का मिश्रण पिघल का ढीला हो गया। रनवे सुरक्षा अथारिटी को जैसे ही इसकी जानकारी लगी तो हड़कंप मच गया। तत्काल वहां पर किसी भी फ्लाइट की लैंडिंग को रोकने के निर्देश दिए गए और मरम्मत का काम तत्काल प्रारंभ कराया गया।

### दिल्ली और रायपुर फ्लाइट डायवर्ट की गईं

रनवे पर किसी भी संभावित हादसे से बचने के लिए लैंडिंग को ब्लॉक कर मरम्मत काम के निर्देश दिए गए। इसी दौरान इंडिगो की दिल्ली और रायपुर से दो अलग-अलग फ्लाइट इंदौर आ रही थी, उन्हें इंदौर में लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई और भोपाल एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया। इस कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और समय भी खराब हुआ। हालांकि इस दौरान टीम ने कुछ समय की मशक्कत के बाद रनवे की आवश्यक मरम्मत व सुधार कर लिया था। जिसके बाद विमानों का आवागमन दोबारा शुरू कर दिया गया था।

### रनवे की परत तय मानकों के मुकाबले ढीली हो गई थी

इस मामले में देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से मीडिया को जानकारी दी गई है कि एकदम से तेज गर्मी के कारण रनवे पर असर पड़ा था। रनवे के नियमित निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई थी। एक हिस्से पर बिटुमेन की परत ढीली पड़ गई थी, जो तय मानकों के हिसाब से नहीं थी, इस कारण तत्काल इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने काम शुरू कर 20 मिनट में मरम्मत कर दी थी।

सम्पन्न हुई जनसुनवाई

# अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से समस्याओं का किया निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।**



कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।

# स्वस्थ नारी से ही समृद्ध होगा देश

महिला सशक्तिकरण की गूंज के साथ हुआ सम्मान समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक अत्यंत गरिमामयी और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज और चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सराहने के उद्देश्य से आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विषय 'सशक्त नारी, सशक्त देश स्वस्थ नारी, समृद्ध देश' रखा गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ महिला ही एक स्वस्थ और विकसित राष्ट्र की नींव रख सकती है।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती यांगचेन भूटिया शामिल हुईं। अपने प्रेरणादायक और ओजस्वी संबोधन में उन्होंने समाज में महिलाओं की अपरिहार्य भूमिका और सुरक्षा पर प्रकाश डाला। श्रीमती भूटिया ने कहा, 'नारी के बिना सृष्टि और समाज की कल्पना भी असंभव है। आज की महिला हर मोर्चे पर डटकर खड़ी है, लेकिन उनका स्वास्थ्य और सशक्तिकरण ही विकसित भारत की असली पहचान है। हमें महिलाओं के लिए एक ऐसा सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण तैयार करना होगा, जहाँ वे अपनी पूरी क्षमता के साथ देश के विकास में भागीदार बन सकें।

इस अवसर पर चिकित्सा, सुरक्षा और अध्यात्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिष्ठित महिला विभूतियां उपस्थित थीं। अतिथियों ने महिला स्वास्थ्य, जागरुकता और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में सीनियर कमांडेन्ट सीमा सुरक्षा बल डॉ. मिता, डॉ. अमित जुल्का, ब्रह्मकुमारी हेमलता, डॉ. प्रीति जैन, डॉ. सुमित्रा यादव, डॉ. केशकली शर्मा, डॉ. परिधि शिवदे, डॉ. संगीता पानेरी, डॉ. साधना सोढ़ानी विशेष रूप से मौजूद थीं।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में विभाग की नारी शक्तियां डॉ. अमृता त्रिपाठी, डॉ. खुशबू लिखार, डॉ. निधि शर्मा, श्रीमती कविता शाह, श्रीमती अफसाना खान, श्रीमती गुरमीत कौर, श्रीमती संगीता जोशी, श्रीमती अनुराधा गुप्ता एवं चिकित्सालय की कुशल वक्ता श्रीमती निकिता यादव, प्रभारी डायलिसिस यूनिट का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक एमवाय चिकित्सालय डॉ. अशोक यादव के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप देने और इसके सफल संचालन में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों विशेषकर डॉ. नरेन्द्र वर्मा, डॉ. रामू ठाकुर और डॉ. सचिन शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन एक भावपूर्ण सम्मान समारोह के साथ हुआ। कोरोना काल से लेकर आज तक चिकित्सालय में अपनी सेवाएँ देने वाली महिला डॉक्टर्स, नर्सेस और अन्य महिला स्वास्थ्य कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# तेंदुए का मूवमेंट... कार सवार ने बनाया वीडियो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कनाडिया थाना क्षेत्र में सोमवार अलसुबह तेंदुए के दिखने का मामला सामने आया है। बायपास से गुजर रहे एक कार सवार ने तेंदुए का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो अब वायरल हो रहा है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम आसपास के इलाके में तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि देवगुराडिया, तेजाजी नगर और कनाडिया इलाके में तेंदुए की मूवमेंट देखी गई है। सोमवार सुबह यहां से गुजर रहे एक कार चालक ने अपने मोबाइल से तेंदुए का वीडियो रिकॉर्ड किया। तेंदुआ बिचोली मर्दाना ब्रिज के पास एक होटल के करीब दिखाई दिया। कार चालक जब वहां से गुजर रहा था, तभी उसे कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई दी। इसी दौरान तेंदुआ सड़क के सामने से भागता हुआ नजर आया। जानकारी के मुताबिक देवगुराडिया बायपास के पास का इलाका है और आसपास खेत भी हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी बढ़ने और शिकार की तलाश में जंगली जानवर कभी-कभी शहरी क्षेत्रों की ओर आ जाते हैं। वन विभाग के मुताबिक सोमवार के बाद से अभी तक तेंदुए की रिहायशी इलाके में दोबारा मूवमेंट की जानकारी नहीं मिली है। टीम इलाके में निगरानी कर रही है।

## कटाक्ष




भाजपा का प्रशिक्षण शिविर : वक्ता बोले-

# भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा के लिए है...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में आयोजित पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने संबोधित किया। इस अवसर पर शिवप्रकाश ने कहा कि सक्षम कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की नींव होता है।**

इस महाअभियान के जरिए देशभर में लगभग 80 लाख कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रैली या प्रदर्शन समाज केंद्रित होते हैं, जबकि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के बौद्धिक और संगठनात्मक विकास के लिए होते हैं। कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह और गुजरात संगठन महामंत्री रत्नाकर सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी



मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व निखरता है और संगठन को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा कार्यकर्ता केवल राजनीतिक सदस्य नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रतिनिधि हैं। यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वैचारिक स्पष्टता की कमी के कारण विपक्षी दल अंतर्विरोधों से जूझ रहे हैं, जबकि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा के लिए प्रशिक्षित है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी की विशिष्ट विचारधारा और मजबूत कार्यपद्धति ही उसे अन्य दलों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 से अब तक भाजपा अपनी मूल विचारधारा पर अडिग है, जिसके कारण आज यह एक अजेय राजनीतिक शक्ति बनी है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रशिक्षण को निरंतर सीखने की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि अभ्यास और साधना से ही कार्यकर्ता पारंगत बनते हैं।कार्यशाला में इंदौर, निमाड़, उज्जैन और मंदसौर संभाग के वक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह राजपूत ने किया और आभार रणवीर सिंह रावत ने माना। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट,नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, अनंत पंवार आदि उपस्थित थे।

# शहर में फिलहाल कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। ईरान-इजराइल और अमेरिका में छिड़े युद्ध का असर अब कई प्रदेशों में नजर आ रहा है। इंदौर में फिलहाल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कोई रुकावट नहीं है, लेकिन सिलेंडरों की बुकिंग करने पर डिलीवरी में पहले की तुलना में ज्यादा समय लग रहा है। सिलेंडरों की कालाबाजारी न बढ़े, इस पर नजर रखी जा रही है। कई शहरों में कमर्शियल गैस सिलेंडर सिर्फ आवश्यक सेवाओं के लिए ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे कई होटलों पर संकट गहरा गया है, हालांकि



इंदौर में अभी कमर्शियल गैस सिलेंडर होटल-रेस्त्रां को मिल रहे हैं। इंदौर होटल एसोसिएशन का कहना है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक कमेटी बनाई है। कमेटी होटल को आवश्यक सेवा मानती है या नहीं, इस पर उनके रुख का इंतजार है। जो भी फैसला होगा, हम सरकार के साथ हैं। इंदौर में होटल कारोबारियों ने एक बैठक भी बुलाई है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि अभी गैस सप्लाई में कोई परेशानी नहीं आ रही है। बुकिंग होने पर सप्लाई की जा रही है, लेकिन उपभोक्ता गैस सिलेंडर के नंबर पहले की तुलना में जल्दी लगा रहे हैं। जरूरत न होने पर भी अतिरिक्त सिलेंडर भरकर रख रहे हैं। हम भी नहीं चाहते कि इस कारण सिलेंडरों की कालाबाजारी हो और आपूर्ति पर प्रभाव पड़े। अभी सप्लाई प्रभावित नहीं इंदौर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी का कहना है कि अभी इंदौर में कमर्शियल गैस सिलेंडर होटल और रेस्त्रां को दिए जा रहे हैं। बुकिंग में कोई समस्या नहीं है, लेकिन यदि कोई फैसला होता है तो सरकार की मदद करेंगे। इंदौर होटल एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है, उसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# बीएड रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एनएसयूआई ने देवी अहिल्या बाई विश्व विद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में अनियमितता का आरोप लगाया है। इसके चलते छात्रों ने प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर परिणाम में हुई त्रुटियों को तत्काल सुधारने की मांग की है।

एनएसयूआई का आरोप है कि घोषित परीक्षा परिणाम में गंभीर त्रुटियां सामने आई हैं, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ अन्याय हुआ है। संगठन ने यह भी दावा किया कि इस मामले में शिक्षा माफियाओं और विश्वविद्यालय प्रशासन की मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कॉपियों की दोबारा जांच (री-चेकिंग) कराने और संशोधित परिणाम पुनः घोषित करने की मांग की। दबाव बढ़ने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने 7 दिनों के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कर संशोधित परिणाम जारी करने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन में शुभम ठाकुर, मोहित जाट, देव चौहान, परम सोनकर, कुनाल सुनहरे, रुद्र सिंह चौहान, सागर बरेठा, छोटू यादव, सौम्य चौधरी सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में निष्पक्ष जांच और सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## नाबालिग को बदमाश करता है परेशान...

# इसलिए परिवारजन कर रहे थे उसका बाल विवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाल विवाह रोकथाम के लिए जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। चाइल्ड हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायत को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंहा के मार्गदर्शन में टीम तुरंत कार्रवाई करने में जुट रही है।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी सिंहा ने बताया कि हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला स्तरीय दल को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। दल में शामिल उड़नदस्ता के महेंद्र पाठक के साथ चाइल्ड



हेल्पलाइन के फूलसिंह कारपेंटर, उड़नदस्ता सदस्य संगीता सिंह और अमन थाना बेटमा अंतर्गत ग्राम चिकलोंड़ा पहुंचे। परिजनों से चर्चा करने पर पता चला के यहां दो लड़कियों का विवाह किया जा रहा है एक लड़की पूर्ण बालिग है और दूसरी लड़की की उम्र मात्र 16 वर्ष थी। वह मजबूरी में अपनी बेटी की कम उम्र में शादी कर रहे हैं। बेटी को आएगी पास के गांव का एक युवक परेशान करता है जिसके कारण वह ना तो स्कूल जा पा रही है और ना ही परीक्षा में शामिल हो पाई। शिकायत करने पर वह मारपीट करने पर उतारू हो जाता है कुछ दिनों पहले उसने लड़की के घर पर पथराव भी किया था। पाठक ने बताया कि समझाइए इसके बाद परिजनों ने बेटी का विवाह निरस्त कर दिया है उनकी परेशानी को समझते हुए बालिका को परेशान करने वाले युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी बेटमा के माध्यम से उक्त युवक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। यदि वह लड़की को परेशान करता है तो उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

# भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री सकल पंच साहू वैश्य बाथली समाज सिलावटपुरा के तत्वावधान में भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती के उपलक्ष्य में 15 मार्च रविवार को भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शाम 4 बजे सिलावटपुरा से भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी।**



शोभायात्रा में घोड़ा-बग्गी, भगवानों की आकर्षक झांकियां तथा भजन मंडलियां शामिल होंगी, जो पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यह यात्रा सिलावटपुरा से प्रारंभ होकर बियाबानी चौराहा, मालगंज, नरसिंह बाजार चौराहा, जवाहर मार्ग, नंदलालपुरा चौराहा, संजय सेतु ब्रिज होते हुए नगर निगम चौराहा पहुंचेगी और चिमन बाग चौराहा स्थित स्काउट ग्राउंड पर समापन होगा।

आयोजन में इंदौर शहर के तैलिक साहू समाज के लगभग 28 संगठनात्मक समूह शामिल होंगे। सभी संगठनों ने एकमत होकर बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा के समापन के बाद शाम 7 बजे से स्काउट ग्राउंड पर अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात समाजजनों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान साहू समाज सिलावटपुरा इंदौर की अध्यक्ष एडवोकेट श्रीमती भावना सुरेश साहू ने दी।

## मासूमियत की इबादत

# भूख प्यास पर भारी पड़ी मासूम बच्चियों की आस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इबादत के मुकद्दस महीने रमजान में बड़ों के साथ बच्चों में भी इबादत का खास शौक देखा जा रहा है, होटल सयाजी में जिम प्रशिक्षक इसरार खान की दोनों बेटियां तैबा खान-मुश्फीका खान ने कुरान के 22 मुकम्मल अध्याय पढ़ने के बाद रविवार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंगपंचमी पर अपनी जिन्दगी का पहला रोजा रखा। परिवारजनों ने बेटियों कि होसला अफजाई के लिए रोजा कुशाई का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें दोस्तों, रिश्तेदारों के आने पर शाम को इफ्तार के वक़्त घर में जश्न का माहौल हो गया। इफ्तार से पहले



घर के बुजुर्गो ने बच्चियों को फूलों के हार पहनाए और तोहफे दिये। इफ्तार से पहले 7 वर्ष की मासूम तैबा खान व मुश्फीका खान, दोनों बहनों ने हाथ उठा कर अपने देश व दुनिया कि सलामती और खुशहाली के लिए दुआ मांगी, साथ ही आए हुए मेहमानों ने अल्लाह से दुआ मांगी कि अल्लाह इन मासूमों का रोजा कुबुल फरमाएं।

# सांसद प्रतिनिधि के जन्मदिन पर निकाली रैली...

## कार में स्टंट के शेयर किए वीडियो

इंदौर। सांसद प्रतिनिधि के जन्मदिन पर कारों से स्टंट करते हुए बिना अनुमति रैली निकालने के मामले में पुलिस ने एक छात्र नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। छात्र नेता ने इसका वीडियो अपनी सोशल मीडिया आईडी पर शेयर किया था। पुलिस ने बिना अनुमति रैली निकालने और स्टंट करने पर कार्रवाई की है। जूनी इंदौर पुलिस ने छात्र नेता आयुष भार्गव के खिलाफ सोमवार को मामला दर्ज किया। 7 मार्च की रात आयुष भार्गव ने सांसद प्रतिनिधि पंकज फतेचंदानी के जन्मदिन पर कार और बाइक की रैली निकाली थी। इस दौरान कार नंबर



मप्र 09एवी 1186 की छत पर खड़े होकर स्टंट किया जा रहा था, जिससे यातायात भी बाधित हुआ। बताया गया है कि आयुष ने टॉवर चौराहे से सिंधी कॉलोनी के बीच करीब 20 से अधिक कार और बाइक के साथ रैली निकाली थी। इसके लिए थाने से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। घटना का वीडियो भी आयुष ने अपनी सोशल मीडिया आईडी पर शेयर किया था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर मोटर व्हीकल एक्ट और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत आयुष के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### रानी दुर्गावती अभयारण्य (नौरादेही) बनेगा चीतों का तीसरा घर : मुख्यमंत्री

# भारतीय क्रिकेट टीम ने बढ़ाया देश का मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नौरादेही का रानी दुर्गावती अभयारण्य चीतों का तीसरा घर बनने जा रहा है। जल्द ही वहाँ भी चीते छोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। खेलने वाले कुल 20 देश, 55 मैच और विजेता- भारत, यह आंकड़े बताते हैं कि भारतीय क्रिकेट टीम ने दृढ़ संकल्प, साहस और पराक्रम से यह उपलब्धि हासिल की है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार और पूरी मंत्रि-परिषद् की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संघ लोक सेवा आयोग-2026 के हालिया घोषित रिजल्ट में मध्यप्रदेश के 2 होनहार अभ्यर्थियों द्वारा टॉप टेन अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने पर दोनों ही अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के कई विद्यार्थियों का यूपीएससी की परीक्षा में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस इत्यादि कई पदों पर चयन हुआ है। हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में चयनित होकर प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं।



**रानी दुर्गावती अभयारण्य (नौरादेही) में भी छोड़ेंगे चीते**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में चीते तेजी से फल-फूल रहे हैं। हाल ही में 5 नये शावकों की आमद से चीतों का परिवार और भी समृद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार करीब 2 महीने बाद रानी दुर्गावती अभयारण्य (नौरादेही) में भी चीते छोड़ने जा रही है। इससे मध्यप्रदेश में चीतों के 3 घर तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम मगर/घड़ियाल और कछुए भी विभिन्न जल क्षेत्रों में मुक्त करेंगे, ताकि हमारी जैव सम्पदा और भी समृद्ध हो सके।

### प्रदेश में उपलब्ध हैं आपूर्ति के सभी संसाधन : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था में कहीं किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध हैं। किसी को भी खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए परेशान या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रदेश में बेहतर से बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार परिस्थितियों पर गहनता से नजर बनाए हुए हैं। केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में देश के साथ मध्यप्रदेश में भी कहीं कोई आपूर्ति संबंधित दिक्कत नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में खाड़ी देशों में उपजी विषम परिस्थितियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व और देश के समक्ष उपजी परिस्थितियों और संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए मध्यप्रदेश में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन सदस्यीय मंत्री और अधिकारियों की समिति प्रदेश की आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी और आपूर्ति बहाल रखने के लिए सभी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे या वर्क वीजा पर गए या पर्यटन के लिए गए भारतीय नागरिकों, विशेषकर मध्यप्रदेश के निवासियों की स्वदेश वापसी के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार के सम्पर्क में है। राज्य सरकार से हेल्पलाइन के जरिए अब तक 255 लोगों ने संपर्क किया है, जिनकी सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सभी मंत्रीगण सहित प्रभारी मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी, सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसम्पर्क मनीष सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

### ईरान अमेरिका युद्ध का असर उज्जैन में भी

# घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद

### कमर्शियल गैस रेस्टोरेंट और होटल के लिए बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**उज्जैन, एजेंसी।** ईरान और इजराइल, अमेरिका युद्ध का असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है। मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण भारत में गैस की आपूर्ति बाधित होने और कीमतों में भारी वृद्धि होने की संभावना है। जो घरेलु गैस डीलर के पास बुक होते ही अगले दिन घर आ जाती थी। उसमें अब 25 दिन का वेटिंग चल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद हो चुकी है। डीलरों के पास दो दिन से कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित होने से डीलरों ने रेस्टोरेंट में देना बंद कर दिया है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान में चल रहे युद्ध का असर अब उज्जैन में दिखने लगा है। प्रदेश में उज्जैन की अधिकांश गैस एजेंसी के पास दो दिन से कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं है। लोग डीलर के यहां चक्कर लगा रहे है। इधर कई रेस्टोरेंट का काम बंद होने की कगार पर है। उज्जैन में कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई रोकने का फैसला किया गया है। जिससे लोग परेशान हो रहे है। यही हाल घरेलु गैस सिलेंडर का है।

युद्ध शुरू होने से पहले घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग कर उपभोक्ता कभी भी सिलेंडर एजेंसी से ले सकता था। लेकिन अब एक बार बुकिंग करने के 25 दिन बाद ही अगली बुकिंग हो पाएगी। बुकिंग कन्फर्म होने के बाद भी गैस सिलेंडर की डिलेवरी कब होगी इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं है। उज्जैन में इंडियन ऑइल की 5 एचपीसीएल की 6 BPCL की 6 और भारत गैस की 6 गैस एजेंसी है। अधिकांश एजेंसी ने होटल सहित रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस सिलेंडर देना बंद कर दिया है। नाम नहीं छापने की शर्त पर गैस एजेंसी के संचालक ने बताया कि लोग पैनिक होकर प्रेशर में गैस सिलेंडर की बुकिंग करवा रहे है। फिलहाल कम्पनी के आदेश होने पर कमर्शियल बुकिंग बंद कर दी है। जिससे सबसे ज्यादा दिक्कते रेस्टोरेंट संचालक को हो रही है। आने वाले दिनों में कई रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है। घरेलु गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही होगी। बुकिंग के बाद भी सिलेंडर की डिलवरी में 5 से 7 दिन का समय लग सकता है। ये स्टाक पर निर्भर करेगा। जबकि गैस युद्ध से पहले अगले दिन ही मिल जाती थी।

# मंदिर परिसर में फिल्म मेकर टीम ने बनाया चिकन-मटन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी। जिले के इछावर में एक मंदिर परिसर में सोमवार को फिल्म मेकर टीम की ओर से मांसाहारी भोजन बनाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि 'फौज' वेब सीरीज की शूटिंग के लिए आई टीम पिछले तीन दिनों से नगर में ठहरी हुई है और मंदिर परिसर में ही रुकी हुई है।**

इसी परिसर में एक हनुमान मंदिर भी स्थित है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि शूटिंग टीम को भोजन में अंडा और मांस परोसा जा रहा है। इसके बाद कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने इसका विरोध जताया। बजरंग दल के सौरभ मकरेया ने बताया कि संगठन को जानकारी मिली थी कि मंदिर परिसर में रुकी फिल्म मेकर टीम के लिए मांसाहारी भोजन बनाया जा रहा है। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मौके पर अंडे और चिकन की सब्जी मिली। इसके बाद उन्होंने इसका विरोध दर्ज कराया और टीम के लोगों को अपनी आपत्ति से अवगत कराया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में मांसाहारी भोजन बनाना और खाना हिंदू धर्म की आस्थाओं के खिलाफ है। उनका कहना है कि जिस परिसर में मंदिर स्थित है, वहां इस तरह का भोजन बनाना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इससे मंदिर परिसर की पवित्रता भी प्रभावित होती है और यह हिंदू धर्म की आस्थाओं के साथ खिलवाड़ है।

# विधानसभा अध्यक्ष के काफिले की गाड़ियां टकराईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर, एजेंसी। अशोक नगर-देहरदा मार्ग पर जंघार गांव के पास मंगलवार शाम को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के काफिले की दो गाड़ियां आपस में टकरा गईं। यह हादसा निर्माणाधीन सड़क के किनारे पड़े गिट्टी के ढेर की वजह से हुआ, जिसमें पीएसओ और फॉलो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गनीमत रही कि हादसे में विधानसभा अध्यक्ष सहित सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी को भी चोट नहीं आई है।**



घटना के समय काफिला ईसागढ़ से देहरदा मार्ग पर आगे बढ़ रहा था। रास्ते में निर्माणाधीन सड़क का काम चल रहा था। इसी दौरान काफिले में पीछे चल रही पीएसओ की गाड़ी सड़क किनारे पड़े गिट्टी के ढेर से अनियंत्रित होकर टकरा गई। पीएसओ की गाड़ी के अचानक रुकने से उसके ठीक पीछे आ रही फॉलो गाड़ी भी आगे वाली गाड़ी से जा भिड़ी। यह घटना उस वक्त हुई जब विधानसभा अध्यक्ष का काफिला महुअन गांव से वापस लौट रहा था। नरेंद्र सिंह तोमर महुअन गांव में पूर्व विधायक स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे थे।

## शादी के एक महीने बाद पति की कराई हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** जिले में शादी के महज एक महीने बाद युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी और प्रेमी के दोस्त को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वारदात को सड़क हादसा दिखाने के लिए शव को मोटरसाइकिल के नीचे दबाकर जंगल किनारे फेंक दिया था। सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र के खंतरा गांव निवासी 24 वर्षीय अजय वैश्य की 12 फरवरी को गनर्इ गांव की उमा वैश्य से शादी हुई थी। 7 मार्च की शाम अजय बाइक से ससुराल जाने के लिए घर से निकला, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। अगले दिन रजिनिया कटरा जंगल के पास सड़क किनारे उसका शव बाइक के नीचे दबा मिला।

# 46 लाख लोगों की संपत्ति रजिस्ट्री का खर्च उठाएगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी में मंत्रालय में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने कई अहम फैसले लिए। कैबिनेट ने भूमि स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश के 46 लाख ग्रामीणों की संपत्ति रजिस्ट्री का स्टांप शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से सरकार पर करीब 3000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने योजनाओं की जमीनी स्थिति जानने के लिए "सीएम यंग इंटर्न्स फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम" शुरू करने का फैसला भी किया है। योजनाओं का फीडबैक लेने 4865 युवा तैनात होंगे। चयन प्रक्रिया अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण स्कूल के माध्यम से होगी। कार्यक्रम तीन साल तक चलेगा। हर विकासखंड से 15 युवाओं का चयन होगा.कुल 4865 युवाओं की नियुक्ति होगी। युवाओं को 10 हजार रुपए मासिक मानदेय मिलेगा। इन युवाओं की जिम्मेदारी अपने विकासखंड में संचालित योजनाओं का फीडबैक और जमीनी रिपोर्ट तैयार करना होगी।

## संपादकीय

# पश्चिम एशिया की आग और भारत की आर्थिक चुनौतियां

दिल्ली से तेहरान हवाई मार्ग से भी 2,500 किलोमीटर से ज्यादा दूर है। लेकिन,इतनी बड़ी भौगोलिक दूरी के बावजूद ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जो युद्ध हो रहा है, उसने भारत के सामने गंभीर संकट खड़े करने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले शुरू होने के 12 दिन हो चुके हैं। इससे भारत न सिर्फ जियोपॉलिटिकल तौर पर प्रभावित हो रहा है, बल्कि इसके सामने गंभीर आर्थिक चुनौतियां भी खड़ी हो रही हैं। दरअसल, दूरी के बावजूद भारत पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों के साथ बहुत ही करीबी तौर पर जुड़ा हुआ है। हम अपने ऊर्जा स्रोतों से लेकर अन्य कारोबार के लिए पश्चिम एशिया के साथ घनिष्ठतापूर्वक संपर्क में रहते हैं। यही नहीं, इस क्षेत्र में बहुत बड़ी भारतीय आबादी रोजगार और कारोबार के लिए रहती है, इसलिए भारत चाह कर भी वहां हो रहे युद्ध और उससे बिगड़ते हालात से मुंह नहीं मोड़ सकता। भारत के कुल कच्चे तेल का लगभग 85% पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों से ही आता है। इस मामले में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक प्रमुख सहयोगी हैं। ये देश भारत को करीब 50% कच्चा तेल सप्लाई करते हैं। 2025 में इन देशों से 68% से ज्यादा एलएनजी और 91% से अधिक एलपीजी का आयात हुआ। अकेले होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से 50% से अधिक कच्चे तेल, 60% एलपीजी और 50% एलएनजी सप्लाई प्रभावित हो रही है। ईरान युद्ध की वजह से भारत के कच्चे तेल आयात का बिल बढ़ सकता है, जिससे महंगाई बढ़ने का डर पैदा हुआ है। वित्तीय दबाव बढ़ने के हालात पैदा होने लगे हैं और ऊर्जा सुरक्षा पर संकट गहराने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका पैदा हो रही है। ईरान युद्ध की वजह से भारत में पेट्रोलियम पदार्थों का सप्लाई चेन प्रभावित हो रहा है। केंद्र सरकार घरेलू गैस और ईंधन की सप्लाई चेन बरकरार रखने के लिए कई तरह के सकारात्मक और सख्त कदम उठा रही है। आम जनता पर इसका सीधा असर न पड़े इसके लिए वह आवश्यक वस्तु अधिनियम (ECA) भी लागू कर चुकी है। फिर भी एलएनजी और एलपीजी की किल्लत से देश में औद्योगिक क्षेत्र प्रभावित होने लगे हैं। कमर्शियल एलपीजी की कमी के चलते होटलों, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फुड सेक्टर को जबरदस्त झटका लगने के हालात पैदा हुए हैं। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां ईंधन की सप्लाई की कमी और बढ़ती लागत की वजह से आउटपुट कम करने पर विचार कर रहे हैं। अगर हालात तेजी से नहीं सुधरे तो स्टील, फर्टिलाइजर और हॉस्पिटलिटी उद्योगों की चिंताएं और बढ़ सकती हैं। ईरान युद्ध भारत के सामने सिर्फ तेल और पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की चुनौती ही नहीं पेश करेगा। यह जितना लंबा खिंचा, भारत का आयात-निर्यात पर बुरी तरह असर पड़ेगा। पूरा ग्लोबल सप्लाई चेन डगमगाने का खतरा पैदा होगा और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने की वजह से हमें ज्यादा तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## ज्ञान-विज्ञान

# आसमान से गिर रही है 600 किलो की 'आफत'

## आज धरती से टकराएगा नासा का सैटेलाइट!

**नासा ने कहा है कि अभी यह तय नहीं है कि यह ठीक किस जगह गिरेगा क्योंकि तेज रफ्तार की वजह से इसकी सटीक लोकेशन बताना मुश्किल होता है। लेकिन नासा के अधिकारी सैटेलाइट पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।**




अमेरिका की स्पेस एजेंसी NASA का 600 किलो वजन वाला एक सैटेलाइट आज धरती पर क्रैश होने जा रहा है। ये सैटेलाइट करीब 14 सालों से ऑर्बिट में था। जो सैटेलाइट आज धरती से क्रैश होने जा रहा है नासा ने उसका वजन 1323 पाउंड यानि करीब 600 किलोग्राम बताया है। इसे अगस्त 2012 में अपने ट्विन, वैन एलन प्रोब B के साथ धरती के चारों ओर रेडिएशन बेल्ट की स्टडी करने के लिए लॉन्च किया गया था। इस सैटेलाइट का नाम वैन एलन प्रोब A है।

ये दोनों स्पेसक्राफ्ट 2019 में डीएक्टिवेट हो गए थे और वैन एलन प्रोब A का धरती से बाहर का समय अब लगभग खत्म हो गया है। सोमवार दोपहर (9 मार्च) तक अमेरिकी स्पेस फोर्स का अनुमान है कि यह 10 मार्च (मंगलवार) की रात (भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 11 मार्च) वायुमंडल में प्रवेश करेगा। वैज्ञानिकों ने इसमें 24 घंटे की विंडो रखी है यानी समय थोड़ा आगे-पीछे हो सकता है।

### नासा का सैटेलाइट कब और कहां गिरेगा?

NASA के अधिकारियों ने सोमवार को एक अपडेट में बताया है कि 'NASA को उम्मीद है कि वायुमंडल से गुजरते समय सैटेलाइट का ज्यादातर हिस्सा जल जाएगा लेकिन कुछ पार्ट्स के वापस आने पर बच जाने की उम्मीद है। हालांकि धरती पर किसी को भी नुकसान होने का रिस्क अत्यंत कम है, शायद 4,200 में से 1।' नासा ने बताया है कि चोट लगने का यह कम रिस्क, करीब 0.02% है। क्योंकि धरती की सतह का लगभग 70% हिस्सा पानी से ढका हुआ है। इसलिए जो भी पार्ट्स वापस आने पर बचेंगे वे शायद खुले समुद्र में गिरेंगे। किसी शहर में या उसके आस-पास नहीं गिरने की संभावना नहीं है।

नासा ने कहा है कि अभी यह तय नहीं है कि यह ठीक किस जगह गिरेगा क्योंकि तेज रफ्तार की वजह से इसकी सटीक लोकेशन बताना मुश्किल होता है। लेकिन नासा के अधिकारी सैटेलाइट पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। नासा के ये सैटेलाइट धरती के चारों ओर एक 'अंडाकार' रास्ते पर घूम रहे थे जो कभी उन्हें जमीन के बहुत करीब ले आता था और कभी बहुत दूर।

ज्यादातर सैटेलाइट गोल रास्ते पर घूमते हैं, लेकिन Van Allen Probes का रास्ता एक खिंचे हुए अंडे जैसा था। जब ये सबसे दूर होता था उस वक्त अपनी कक्षा में घूमते हुए यह सैटेलाइट धरती से अधिकतम 30,415 किलोमीटर दूर चला जाता था। और ये जब सबसे करीब होता था तब ये धरती से सिर्फ 618 किलोमीटर की ऊंचाई तक आ जाता था।

### रेडिएशन बेल्ट्स की जांच के लिए भेजा गया था सैटेलाइट

इन सैटेलाइट्स का असली काम 'रेडिएशन बेल्ट्स' की जांच करना था। पृथ्वी के चारों तरफ ऊर्जा से भरे कणों की दो बड़ी परतें होती हैं जिन्हें वैन एलन बेल्ट कहा जाता है। चूंकि रास्ता अंडाकार था इसलिए ये सैटेलाइट्स बार-बार इन रेडिएशन परतों के अंदर जाते और बाहर आते थे। इससे वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिली कि अंतरिक्ष का मौसम और सूरज से आने वाली किरणें हमारी पृथ्वी को कैसे प्रभावित करती हैं।

शुरुआत में इनका नाम Radiation Belt Storm Probes रखा गया था। क्योंकि इनका काम अंतरिक्ष में आने वाले सौर तूफानों और रेडिएशन को लेकर स्टडी करना था। लेकिन बाद में इन परतों की खोज करने वाले वैज्ञानिक 'जेम्स वैन एलन' के सम्मान में इनका नाम बदलकर 'Van Allen Probes' कर दिया गया।

New Delhi

# सरकार ने प्राकृतिक गैस पर लगाया एस्मा उद्योगों को आपूर्ति में होगी कटौती

नई दिल्ली, (एजेंसी) सरकार ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आयी बाधाओं को देखते हुए देश में रसोई गैस (एलपीजी) का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लगा दिया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 के अनुसार, घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी की आपूर्ति, एलपीजी उत्पादन, और पाइपलाइन कॉम्प्रेशर फ्यूल तथा अन्य



अनिवार्य पाइपलाइन परिचालन जरूरतों को प्राथमिकता सेक्टर-1 में रखा गया है। इन उपभोक्ताओं को पिछले छह महीने की औसत के बराबर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

वहीं अन्य क्षेत्रों के लिए आपूर्ति में कटौती की जायेगी। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है कि 'पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष' के मद्देनजर 'वितरण में समानता और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से' यह आदेश जारी किया गया है।

Bihar

# बिहार में चापाकल का पानी पीने से प्राइमरी स्कूल के 12 बच्चे बीमार, GMCH में कराया गया भर्ती



**तिरहुत-मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया प्रखंड स्थित भैंसही रिफ्यूजी प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बच्चों ने विद्यालय के चापाकल का पानी पीया और उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। शिक्षकों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण भी घबरा गए। बीमार होने वाले बच्चों में शामिल हैं, पिंकी कुमारी, हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, अरुण कुमार, शिवानी कुमारी, बिट्टू कुमार, साजन कुमार, सिमरन कुमारी, भोला कुमार, विशाल कुमार, कृष्णा कुमार और विकास कुमार। बताया गया है कि स्कूल खुलने के कुछ देर बाद चार-पांच बच्चों ने चापाकल का पानी पीया था। थोड़ी ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद कुछ अन्य बच्चों ने भी वही पानी पी लिया, जिससे कुल मिलाकर लगभग 12 बच्चे बीमार हो गए। स्थिति बिगड़ते देख विद्यालय प्रशासन ने तुरंत बच्चों को भैंसही अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सभी बच्चों का प्राथमिक उपचार किया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उन्हें एंबुलेंस से बेतिया के जीएमसीएच भेजा गया। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि बच्चों की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें जीएमसीएच रेफर किया गया है।

Chhattisgarh

# छत्तीसगढ़ में 106 नक्सलियों ने किया सरेंडर, सिर पर 3.95 करोड़ रुपए का था इनाम

**बीजापुर, (एजेंसी)** भारत में नक्सलवाद को खत्म करने की कोशिश में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में कुल 106 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इन सभी पर कुल 3.95 करोड़ रुपए का इनाम था। इन सभी नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में सक्रिय थे। बीजापुर के 37, नारायणपुर के 4, बस्तर के 16, कांकेर से 3 और सुकमा से 18, दंतेवाड़ा से 30 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इन सभी के सिर पर कुल लगभग 4 करोड़ रुपए का इनाम था और ये नक्सली अलग-अलग रैंक पर तैनात थे। बता दें कि भारत सरकार ने साल 2026 में देश से नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान पिछले कुछ महीनों में सैकड़ों नक्सलियों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया और इस दौरान हजारों नक्सलियों ने सरेंडर भी किया है। सरेंडर करने की इसी कड़ी में बुधवार को 106 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया।

Uttarpradesh

# शादी में भीड़ तंत्र की भेंट चढ़ा युवक, बारात के दौरान किस बात पर विवाद? बिहार में पीटकर हत्या

**जहानाबाद, (एजेंसी)** जहानाबाज जिले के घोसी थाना क्षेत्र के वैना गांव में शादी समारोह के दौरान नाच-गाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद शादी की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं और पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार वैना गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी की बेटी की शादी थी। बारात दीदार गंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर अखाड़ा गांव से आई थी। शादी समारोह के दौरान नाच-गाने का कार्यक्रम चल रहा था और बाराती व सराती आनंद ले रहे थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। बताया जाता है कि मारपीट के दौरान बारात में शामिल युवक सन्नी कुमार को लाठी-डंडे और लोहे की छड़ से



बेरहमी से पीटा गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाकर इलाज के लिए काको के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पटना जिले के फतेहपुर अखाड़ा गांव निवासी सदन पंडित के 20 वर्षीय बेटे सन्नी कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सन्नी अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

खेल

# जसप्रीत बुमराह टी-20 कम, वनडे ज्यादा खेलेंगे : 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी पर रहेगा फोकस, वर्कलोड मैनेज करेगा बोर्ड


**मुंबई, (एजेंसी)** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब टी-20 सीरीज कम खेलेंगे। वे 2027 वर्ल्ड कप तक ज्यादा वनडे मैच खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए यह रणनीति बना रहे हैं। ताकि 2027 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी बेहतर हो सके।

न्यूज एजेंसी PTI ने BCCI के सूत्रों के हवाले से लिखा है कि अगले कुछ समय में द्विपक्षीय टी20 सीरीज में बुमराह को कम मौके दिए जा सकते हैं।

**बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद वनडे नहीं खेला-** बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वनडे क्रिकेट खेलने उतरे थे।

**2027 वर्ल्डकप तक टी-20 की प्राथमिकता कम-** अक्टूबर-नवंबर 2027 तक टी20 इंटरनेशनल टीम के लिए कम प्राथमिकता वाला फॉर्मेट माना जा रहा है। इसी दौरान जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर सकते हैं।

अब ICC का अगला टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्डकप होगा। उसी साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेला जाएगा। 2028 में अगला टी-20 वर्ल्ड कप, ओलिंपिक



गेम्स और चैंपियंस ट्रॉफी शेड्यूल्ड हैं।

**IPL के बाद तैयार होगी रणनीति-** IPL के बाद सिलेक्शन कमेटी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और टीम मैनेजमेंट मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। IPL में बुमराह मुंबई इंडियंस के पेस अटैक की अगुआई करने वाले हैं। 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से बुमराह ने 42 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इनमें 21 टेस्ट और 21 टी20 इंटरनेशनल शामिल हैं।

**बड़े टूर्नामेंट में बुमराह की फिटनेस अहम-** भारत के बड़े टूर्नामेंट अभियानों में बुमराह की फिटनेस बेहद अहम रहती है। ऐसे में उनके मैचों और फॉर्मेट को लेकर काफी सावधानी बरती जाएगी। बुमराह पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 14 विकेट झटके। वे अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द फाइनल भी चुने गए थे।

सिनेमा

# जंग की आंच में झुलसता सिनेमा, सायरन की आवाजों के बीच हो रहा शूट, बॉलीवुड का होगा नुकसान



यश की फिल्म टॉक्सिक 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन मिडिल ईस्ट के गंभीर हालात को देखते हुए रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है. अब ये फिल्म 4 जून 2026 को आएगी. ये बात जगजाहिर है कि दुबई और गल्फ मार्केट साउथ इंडस्ट्री के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जहां बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं, ऐसे में कमाई भी अच्छी होती है. इतना ही नहीं कई साउथ फिल्मों के गानों का शूट होना था, जसि रोक दिया गया है. एयरलाइन सेवाएं बाधित हैं, कलाकार-क्रू को बड़ी मुश्किल हो रही है, स्टंट और VFX के लिए आने वाले अंतरराष्ट्रीय टेक्नीशियन भी फंस गए हैं, जिससे प्रोडक्शन प्रभावित हो रहा है. अब खबर आ रही है कि युद्ध चलता रहा तो प्रियंका चोपड़ा की फिल्म वाराणसी पर भी इसका असर होगा. अल्लू अर्जुन-एटली के कई आगामी प्रोजेक्ट, रणबीर कपूर की रामायणम् पर भी इसका असर हो सकता है, क्योंकि बड़े पैमाने पर VFX का काम अभी बाकी है जो रुक गया है. कई प्रोडक्शन हाउस जंग के बीच में भी काम कर रहे हैं. एक इजरायली टीवी प्रोड्यूसर ने अपनी पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हम सिर्फ एयर रेड सायरन के बीच में फिल्मिंग करते रहते हैं. इजरायली ब्रॉडकास्टर केशेट ने 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के बाद कुछ समय के लिए पूरी तरह न्यूज कवरेज को बंद कर दिया था. लेकिन 2 मार्च तक चैनल ने नियमित प्रोग्रामिंग पर लौटना शुरू कर दिया. उन्होंने कॉमेडी शो Mo'adon Layla (Night Club) फिनाले सीजन का टेलीकास्ट किया।

## Highlights

1. **India eases FDI rules for investments from China, other neighbouring countries**
2. **Woman declared brain dead comes back to life after ambulance hits pothole in UP**
3. **Bengaluru cops help British man recover lost bag in auto**
4. **India has been a good actor: White House on granting 30-day Russian oil waiver**
5. **Indian Navy Lance Naik arrested for allegedly spying for Pak's ISI**

# Reliance shares mixed after Trump says US to get new oil refinery with Ambani backing

**NEW DEIHI, (Agency).** The stock of Reliance Industries Ltd. was trading mixed after US President Donald Trump highlighted the role of India's largest company to build an upcoming oil refinery in Brownsville, Texas.

Reliance Industries' share price rose as much as 1.78% to ₹1,434.00 apiece on the National Stock Exchange but soon gave up all the gains to trade up to 0.54% lower. That, even as the benchmark Nifty fell up to 0.50%.

"I am proud to announce that America First Refining is opening the FIRST new US Oil Refinery in 50 YEARS in Brownsville, Texas," Trump said Tuesday in a post on Truth Social.

Reliance Industries identified only as a "global supermajor" in the America First statement but named by Trump in a post on Truth Social provided a "9-figure investment" at a "10-figure valuation". The company, led by Asia's richest man Mukesh



Ambani, has also signed "a binding 20-year offtake term sheet" with America First, meaning the company will buy products the refinery produces.

America First, which plans to break ground in the second quarter of 2026, would be a 168,000 barrel-per-day oil refinery at Brownsville port along the US-Mexico border. When operational, it would offset $300 billion in the US trade deficit.

Many US Gulf Coast refineries are unable to process light, sweet crude oil from fracking shale fields because they were configured to run lower-cost heavy, sour crude, which is higher density and contains more sulphur.

Reliance Industries, on the flipside, can process almost any type of oil at Jamnagar — the world's largest refining complex that processes 1.4-1.6 million barrels per day. Most recently, the company secured a US licence for Venezuelan oil, which perfectly matches the refinery's heavy crude configuration.

# IndiGo shares surge to one-week high after CEO Pieter Elbers' resignation

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of IndiGo operator Interglobe Aviation Ltd. rose to the highest in at least a week after the abrupt resignation of CEO Pieter Elbers. Rahul Bhatia, co-founder and managing director, has taken charge of the airline on interim basis.

IndiGo's share price rose as much as 3.02% to an intraday high of ₹4,512.90 on the National Stock Exchange even as the benchmark Nifty 50 fell up to 0.50%.

The stock is reacting to the exit of Elbers and the return of



Bhatia at the helm of affairs of India's largest airline amid a double squeeze—an escalating Iran war has scuppered international operations of IndiGo even before it could fully recover from an operational meltdown three months ago.

"What happened last December should never have taken place... Our customers didn't deserve it and nor did all of you, especially the frontline employees who bore most of the brunt for no fault of theirs...," Bhatia wrote in an internal note, a copy of which was seen by Hindustan Times.

"I wish to place on record my indebtedness to all my colleagues who carried the company's cross with grace and dignity, and ploughed through sleepless nights to restore IndiGo's operational integrity. You are indeed the living spirit of IndiGo!"

### आर्थिक तंगी और पारिवारिक कलह बनी वजह

# पत्नी की हत्या के बाद पति ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पारिवारिक विवाद के चलते इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां एक युवक ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दी और बाद में खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना परदेशीपुरा की गली नंबर तीन की है।**

जानकारी के अनुसार सुबह घर से तेज आवाज में झगड़े और चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके की पहचान एकनाथ वाघ के रूप में हुई है, जिसने अपनी पर पहुंची तो कमरे में महिला का शव पड़ा मिला, जबकि उसका पति फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मृतक पत्नी रोहिणी वाघ की हत्या कर दी। रोहिणी के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं और कमरे में टूटी हुई चूड़ियां भी बिखरी पड़ी थीं। इससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों के बीच



पहले मारपीट हुई होगी, जिसके बाद एकनाथ ने पत्नी की हत्या कर दी।

बताया जा रहा है कि एकनाथ शेयर बाजार से जुड़ा काम करता था। हाल के दिनों में शेयर बाजार में गिरावट के कारण वह आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा था। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस प्रारंभिक तौर पर इस घटना की वजह पारिवारिक विवाद मान रही है। पड़ोसियों के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। घटना के समय दोनों के बीच विवाद हो रहा था। इसी दौरान उनके दोनों बच्चे जाग गए। इसके बाद एकनाथ ने बच्चों को दूध लेने दुकान पर भेज दिया। जब बच्चे वापस लौटे तो मां खून से लथपथ पड़ी थी और पिता फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। बताया जा रहा है कि एकनाथ पहले मैकेनिक का काम करता था और बाद में शेयर बाजार से जुड़ गया था।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक